
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें





teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

https://www.facebook.com/teachersofbihar

https://www.linkedin.com/company/teachersofbihar

www.teachersofbihar.org

28 जुलाई 2026

# Teachers of Bihar

The Change Makers

## आज का सुविचार

विद्या विनम्रता देती है, विनम्रता से योग्यता, योग्यता से सफलता और सफलता से सम्मान मिलता है।

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar
The Change Makers

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **28.07.2026**

## सिनॉप्सिस

सिनॉप्सिस **(Synopsis)** किसी परियोजना, शोध, पुस्तक, कहानी या नवाचार का संक्षिप्त, स्पष्ट और व्यवस्थित विवरण होता है। इसमें मुख्य विचार, उद्देश्य, कार्य करने की विधि और अपेक्षित परिणाम का सार प्रस्तुत किया जाता है। किसी परियोजना या विषय का संक्षिप्त, सारगर्भित और क्रमबद्ध परिचय ही सिनॉप्सिस कहलाता है।



राकेश कुमार

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान



भारत की **स्क्वाश खिलाड़ी अनाहत सिंह** ने शनिवार को मिस्र की रुकैया सलेम को हराकर **विश्व जूनियर चैंपियनशिप** के महिला सिंगल्स का खिताब जीतकर **इतिहास** रच दिया। यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली **भारतीय खिलाड़ी** बन गईं।

# Teachers of Bihar
The change makers


# दिवस विशेष

मधु प्रिया

## 28 जुलाई

# विश्व हेपेटाइटिस दिवस

**जागरूकता ही बचाव है, आज जाँच करवाएं, स्वस्थ भविष्य बनाएं।**



### हेपेटाइटिस क्या है?

हेपेटाइटिस लिवर (यकृत) में सूजन है,
जो वायरस के कारण होती है।
मुख्य प्रकार – A, B, C, D, E

### संक्रमण के प्रमुख कारण


- असुरक्षित पानी और भोजन
- संक्रमित सुई/सीरिंज का उपयोग
- असुरक्षित यौन संबंध
- संक्रमित रक्त चढ़ाना
- माँ से बच्चे में संक्रमण

### बचाव के उपाय

- स्वच्छ पानी और पौष्टिक भोजन का सेवन करें।
- हेपेटाइटिस B और A का टीकाकरण करवाएं।
- व्यक्तिगत स्वच्छता और हाथों की सफ़ाई रखें।
- सुरक्षित यौन संबंध बनाएं।
- सिर्फ़ एँक किए हुए रक्त का उपयोग करें।

### याद रखें

समय पर जाँच,
सही उपचार
लिवर रहेगा स्वस्थ,
जीवन रहेगा खुशहाल।




**आइए, हेपेटाइटिस के प्रति जागरूक बनें**
**और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें।**

जाँच करवाएं – सुरक्षित रहें – स्वस्थ जीवन जिएं

# Teachers of Bihar

**The change makers**






# 28 जुलाई

## का इतिहास, जन्म और निधन

## 28 जुलाई की महत्वपूर्ण घटनाएँ

- **1995** • वियतनाम आसियान का सदस्य बना।
- **2001** • पाकिस्तान के पूर्व विदेश मंत्री मोहम्मद सिद्धकी खान कंजू की हत्या की गई।
- **2004** • इराक के बाकूबा शहर में एक पुलिस भर्ती केंन्द्र में विस्फोट से 68 लोगों की मृत्यु।
- **2005** • सौरमंडल के दसवें ग्रह की खोज करने का दावा।
- **2007** • पाकिस्तान सरकार ने विवादास्पद लाल मस्जिद को अनिथित्तकाल तक बन्द करने की घोषणा की।
- **2008** • निर्गुट देशों की मंत्री स्तरीय बैठक में भाग लेने के लिए भारत के विदेशमंत्री प्रणव मुखर्जी तेहरान रवाना हुए।




## 28 जुलाई को जन्मे व्यक्ति

- **1165** • इबने अरबी - अरबी के प्रसिद्ध सूफ़ी कवि, साधक और विचारक।
- **1909** • कासु ब्रह्मानंद रेड्डी - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के राजनीतिज्ञ थे, जो आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री रहे।
- **1927** • रामेश्वर ठाकुर - भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के नेता और उड़ीसा, आंध्र प्रदेश, कर्नाटक तथा मध्य प्रदेश के भूतपूर्व राज्यपाल।
- **1933** • तरलोचन सिंह - दुनिया भर में सिक्ख समुदाय के हक और बेहतरी के लिए जाने जाते है।
- **1957** • अनिल जनविजय - हिन्दी के कवि, लेखक और रूसी तथा अंग्रेज़ी भाषाओं के साहित्य अनुवादक।
- **1983** • सुविज्ञ शर्मा - भारतीय कलाकार, चित्रकार और उद्यमी।



## 28 जुलाई को हुए निधन


- **2021** • नंदू नाटेकर - पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे, जिन्होंने इंटरनेशनल खिताब जीता था।
- **2019** • डोनकुपर रॉय - मेघालय के भूतपूर्व दसवें मुख्यमंत्री रहे थे।
- **2017** • इंद्र कुमार - भारतीय हिन्दी सिनेमा के प्रसिद्ध सहायक अभिनेताओं में से एक थे।
- **2016** • महाश्वेता देवी - भारत की सामाजिक कार्यकर्ता और लेखिका।
- **2014** • मधुकर दिघे - भारतीय राजनीतिज्ञ थे जो मेघालय और अरूणाचल प्रदेश के राज्यपाल रहे।
- **2013** • जगदीश राज - भारतीय हिन्दी फ़िल्मों के प्रसिद्ध अभिनेता थे।
- **2007** • काज़ी लेंन्डुप दोरज़ी - सिक्किम के भूतपूर्व प्रथम मुख्यमंत्री थे।
- **1972** • चारू मजुमदार - 'भारतीय कम्यूनिस्ट पार्टी' के नेता, जिन्होंने 1967 में सत्ता के विरूद्ध एक नक्सलवादी आन्दीनन की शुरूआत की थी।




## 28 जुलाई के महत्वपूर्ण अवसर एवं उत्सव



विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस



वर महोत्सव दिवस



विश्व हेपेटाइटिस दिवस

इतिहास हमें प्रेरणा देता है, घटनाएँ हमें सीख देती हैं और व्यक्तित्व हमें आगे बढ़ने की राह दिखाते हैं।

# TOB
# खेल कॉर्नर

★ खेल से सीखें, जीवन में जीतें ! ★

## अनाहत सिंह ने जुनियर स्क्वैश वर्ल्ड चैंपियनशिप जीती: खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं; फाइनल में मिस्र की रूकैया सलेम को 3-0 से हराया



**भारत के लिए गौरव का क्षण!**

- ★ अनाहत सिंह ने 2005 के जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुँचने के बाद अब खिताब जीतकर इतिहास रच दिया।
- ★ उनकी यह उपलब्धि आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा है।

अनाहत सिंह जूनियर स्क्वैश वर्ल्ड चैंपियनशिप खिताब जीतने वाली पहली भारतीय बनीं। इससे पहले 2005 में जोशना चिनप्पा फाइनल तक पहुँची थीं।



राकेश कुमार

28 जुलाई

# विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस

## प्रकृति की रक्षा, भविष्य की सुरक्षा

आइए, हम सब मिलकर
प्रकृति के साथ सामंजस्य बनाएं
और एक हरित, स्वच्छ एवं
सतत भविष्य का निर्माण करें।



- पेड़ लगाएं
- जल बचाएं
- प्लास्टिक का कम उपयोग करें
- प्रकृति का संरक्षण करें

www.teachersofbihar.org


Madhu priya

> "प्रकृति हमें हमारी आवश्यकताओं की पूर्ति
> के लिए पर्याप्त संसाधन प्रदान करती है,
> लेकिन हमारे लालच की पूर्ति के लिए नहीं।
> — महात्मा गांधी"

आइए, आज ही संकल्प लें—प्रकृति की रक्षा करेंगे,
तभी अपना और आने वाली पीढ़ियों का भविष्य सुरक्षित करेंगे।


शब्दों से संघर्ष की आवाज़ बुलंद करने वाली
प्रखर लेखिका, निर्भीक विचारक और
जनजातीय समाज की सशक्त आवाज़
महाश्वेता देवी
(14 जनवरी 1926 – 28 जुलाई 2016)
की पुण्यतिथि पर
भावपूर्ण श्रद्धांजलि
आदिवासी समाज, शोषितों और वंचितों के अधिकारों के लिए जीवन भर संघर्ष करने वाली महाश्वेता देवी जी का साहित्य हमें अन्याय के खिलाफ खड़े होने की प्रेरणा देता है।
उन्हें 1996 में ज्ञानपीठ पुरस्कार से सम्मानित किया गया था।
TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
“ मेरे लिए लेखन एक हथियार है, जिससे मैं अन्याय और शोषण के खिलाफ लड़ती हूँ। ”
www .teachersofbihar.org
आइए उनके विचारों और संघर्षों से प्रेरणा लेकर एक न्यायपूर्ण और समतामूलक समाज के निर्माण का संकल्प लें।
Madhu priya

भारतीय बैडमिंटन के गौरवशाली इतिहास
के प्रथम अंतरराष्ट्रीय विजैता को
शत्-शत् नमन।




# नंदू नाटेकर

(12 मई, 1933 – 28 जुलाई, 2021)


## की पुण्यतिथि पर
## भावपूर्ण श्रद्धांजलि

वे पहले भारतीय बैडमिंटन खिलाड़ी थे,
जिन्होंने इंटरनेशनल खिताब जीता था।

**यह उपलब्धि उन्होंने वर्ष 1956 में हासिल की थी।**



"नंदू नाटेकर ने अपने समर्पण, अनुशासन और उत्कृष्ट प्रदर्शन से भारत को अंतरराष्ट्रीय मंच पर पहचान दिलाई और आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणा का अमूल्य स्रोत बन गए।"



www .teachersofbihar.org

प्रतिभा | समर्पण | संघर्ष | प्रेरणा

आपकी स्मृतियाँ सदा अमर रहेंगी।

Madhu priya

## सादर नमन!

### प्रसिद्ध लेखिका



# महाश्वेता देवी

(14 जनवरी 1926 – 28 जुलाई 2016)

**पुण्यतिथि : 28 जुलाई**

महाश्वेता देवी समकालीन भारतीय साहित्य की एक महान हस्ती थीं, जिन्होंने अपने लेखन के माध्यम से आदिवासियों, दलितों, शोषितों और वंचितों की आवाज़ को बुलंद किया। उनकी रचनाएं सामाजिक न्याय, मानवाधिकार और समानता की प्रेरक मिसाल हैं।

> "मेरे लिए लेखन का मतलब है
> उन लोगों की आवाज़ बनना, जिनकी आवाज़ दबा दी गई है।"
>
> – महाश्वेता देवी

**प्रमुख विधा :** कहानी, उपन्यास, निबंध

**प्रमुख कृतियों :** हजार चौराशीर माँ, अरण्येर अधिकार, द्रौपदी, रूपसी बंगला

**सम्मान :** ज्ञानपीठ पुरस्कार, रमन मैगसेसे पुरस्कार, पद्म विभूषण आदि